अपनी जिंदगी में अगर वाकई कुछ हासिल करना है तो अपने तरीकों को बदलो अपने इरादों को कभी नहीं

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-262 ● कटनी ● बुधवार, 27 अक्टूबर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ●कार्तिक कृष्ण पक्ष -7 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

विश्वकप विशेष पृष्ठ 7 पर

## जासूसी पर केंद्र ने नहीं किया खंडन, जांच जरूरी



**नई दिल्ली।** पेगासस जासूसी मामले की स्वतंत्र जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को आदेश जारी कर दिया है। इसके तहत शीर्ष अदालत ने तीन सदस्यीय विशेषज्ञ कमेटी का गठन कर दिया है। इसकी अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश आरवी रवींद्रन करेंगे। इसके अलावा इस कमेटी के अन्य सदस्य आलोक जोशी और संदीप ओबेरॉय होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कमेटी को आरोपों की पूरी तरह से जांच करने और अदालत के समक्ष रिपोर्ट पेश करने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पेगासस की सच्चाई की जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निजता के अधिकार के उल्लंघन की जांच होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारत के नागरिकों की निगरानी में विदेशी एजेंसी की संलिप्तता एक गंभीर चिंता का विषय है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मुद्दे में केंद्र द्वारा कोई विशेष खंडन नहीं किया गया है, इस प्रकार हमारे पास याचिकाकर्ता की दलीलों को प्रथम दृष्टया स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है और हम एक विशेषज्ञ समिति नियुक्त करते हैं जिसका कार्य सर्वोच्च न्यायालय द्वारा देखा जाएगा। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच ने यह आदेश जारी किया। इस बेंच में मुख्य न्यायाधीश एनवी रमन्ना, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस हिमा कोहली शामिल थे। वहीं पेगासस जासूसी कांड की जांच को लेकर 12 याचिकाएं दायर की गई थीं। इनमें वकील एमएल शर्मा, माकपा सांसद जॉन ब्रिटास, पत्रकार एन राम, पूर्व आईआईएम प्रोफेसर जगदीप चोककर, नरेंद्र मिश्रा, परंजॉय गुहा ठाकुरता, रूपेश कुमार सिंह, एसएनएम आब्दी, पूर्व वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा और एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया का नाम शामिल है। पेगासस जासूसी मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 13 सितंबर को सुनवाई हुई थी। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने साफ कर दिया था कि वह इस मामले में हलफनामा दाखिल नहीं करने जा रही है। सरकार ने कहा था कि यह सार्वजनिक चर्चा का विषय नहीं है, इसलिए हलफनामा दाखिल नहीं कर सकते।

### अलविदा अंशुमान

आशीष शुक्ला

## प्रगाढ़ मित्रता की कभी न पूरी होने वाली रिक्तता



*जबलपुर। संस्कारधानी जबलपुर के पत्रकारिता जगत के लिए कल का दिन एक दुखद खबर लेकर आया। लोगों को विश्वास ही नहीं था कि सबके प्रिय पत्रकारिता में अलग मुकाम हासिल करने वाले अंशुमान भार्गव अब हमारे बीच नहीं रहे। अंशुमान का यशभारत परिवार के खास नाता रहा। उन्होंने कभी भी यशभारत को अपने से अलग नहीं समझा । समय -समय पर अखबार की उत्तरोत्तर प्रगति के लिये अंशुमान की सलाह बेहद अहम होतीं थीं। अंशुमान से हम सब का पारिवारिक नाता रहा। बीमारी से जूझते हुए भी वह अपना कर्तव्य बखूबी निभाते रहे। अंग्रेजी पत्रकारिता की शान अंशुमान से प्रत्येक उदयीमान पत्रकार यह सीख सकता है कि किस तरह भाषाई बेड़ियों को तोड़ कर भी पत्रकारिता में अलग सफल मुकाम हासिल किया जा सकता है। अंग्रेजी दैनिक हितवाद के स्टेट हेड के रूप में अंशुमान भार्गव ने जो जिम्मेदारी निभाई वह किसी व्यक्ति के लिए कर्तव्य की एक मिसाल के समान है इसके बावजूद सामाजिक तथा पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन भी उन्होंने बखूबी किया। विगत 21 जून मेरे जन्मदिन पर व्यस्तता के मध्य अंशुमान अपने स्नेह का तोहफा दिया, मुझे ढूंढते वे मेरे पास पहुंच गए, हम लोगों ने भोजन किया, घर वापस आये, यशभारत के नवीन निर्माणाधीन आफिस को देखा, बिटिया को ढेर सारा आशीर्वाद दिया। फोटो खिंचवाई तब उन्होंने कहा था कि अब मै बेहतर हूँ। हम लोग भी इसे लेकर निश्चिंत से हो गए पर विधि को हम से बिछड़ना ही मंजूर था। सोमवार की शाम एक अजीज मित्र खो कर मानों हमारे जीवन में मित्रता की रिक्तता सी आ गई। कल अंशुमान ने नई दिल्ली में अंतिम सांस ली। हम सभी उनके विछोह पर किंकर्तव्यविमूढ़ से हैं। कैसे कोई मित्र इतनी आत्मीयता दिखा कर हमसे अलविदा हो सकता है, यह मानने को दिल मंजूर नहीं कर रहा। सम्पूर्ण यशभारत परिवार इस दुखद खबर पर शोकाकुल है पत्रकारिता में अपना अलग मुकाम हासिल करने वाले अंशुमान भार्गव अंग्रजी दैनिक हितवाद के स्टेट हेड व एडिटर ऑफ गिल्ड के सदस्य थे।*

### फटाफट खबरें



### दीवाली तक होगी JioPhone Next की लॉन्चिंग

**नई दिल्ली।** किफयती स्मार्टफोन JioPhone Next की लॉन्च डेट को लेकर गूगल सीईओ सुंदर पिचाई ने अब बड़ा खुलासा कर दिया है। जिओ नेक्सट का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा है। गूगल सीईओ सुंदर पिचाई ने मुकेश अंबानी के ड्रीम प्रोजेक्ट JioPhone Next स्मार्टफोन की लान्चिंग डेट को कंफर्म कर दिया है। सुंदर पिचाई ने कहा है कि भारत में दीपावली तक लॉन्च कर दिया जाएगा। पिचाई ने कहा कि यह लोकलाइज्ड क्षमताओं से लैस होगा।

### अमित शाह बोले: पीएम मोदी देवदूत बनकर आए

**नई दिल्ली।** लोकतंत्र को लेकर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपना संबोधन दिया है। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी को 75 वर्ष हो गए हैं। जब हम आजाद हुए, हमारे देश की संविधान सभा बनी, संविधान सभा ने मल्टी पार्टी डेमोक्रेटिक सिस्टम को स्वीकार किया। बहुत सोच समझकर स्वीकार किया था जो उचित फैसला था। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधा और कहा कि साल 2014 आते-आते देश में राम-राज की परिकल्पना ध्वस्त हो चुकी थी। जनता के मन में ये आशंका थी कि कहीं हमारी बहुपक्षीय लोकतांत्रिक संसदीय व्यवस्था फेल तो नहीं हो गई। लेकिन देश की जनता ने धैर्य से फैसला देते हुए पीएम नरेंद्र मोदी जी को पूर्ण बहुमत के साथ देश का शासन सौंपा और हमारी सरकार उनकी उम्मीद पर खड़ी उतरी।

### छह साल बाद रैली में गरजे लालू, बोले- नीतीश पर हमला

**तारापुर।** बिहार के तारापुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने राज्य के सीएम नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साधा। नीतीश को गले लगाया लेकिन वे काम के नहीं निकले। नीतीश भाजपा में नहीं जाने की बात कहते थे। लालू ने कहा कि उन्होंने सांप्रदायिक ताकतों के आगे कभी हार नहीं मानी। राजद सुप्रीमों ने कहा कि उन्होंने भाजपा से कभी कोई समझौता नहीं किया। लालू ने नीतीश पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्होंने (नीतीश) कहा था कि विशेष दर्जा दिलाने वाले का साथ देंगे। बिहार को अब तक विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिला। उन्होंने कहा कि तेजस्वी को जनता ने मुख्यमंत्री बनाया था। धोखा देकर उन्होंने सरकार बना ली। बिहार की जनता राजद के साथ है।

## महबूबा संग नाच रहा था दाढ़ी वाला दोस्त

### नवाब का नया आरोप-क्रूज पर मौजूद था वानखेड़े का यह दोस्त, बोले- कहो तो वीडियो जारी कर दूं




**मुंबई।** आर्यन खान ड्रग मामले में एनसीपी नेता नवाब मलिक और एनसीबी अधिकारी समीर वानखेड़े के बीच लड़ाई बढ़ती ही जा रही है। अब नवाब मलिक ने प्रेस कांफ्रेंस कर समीर वानखेड़े पर नया आरोप लगाया है। मलिक ने कहा है कि क्रूज पर वानखेड़े साहब का एक दाढ़ी वाला दोस्त भी मौजूद था, वह अपनी महबूबा के साथ नाच रहा था। उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उस दाढ़ी वाले को खोजो, अगर उसका नाम नहीं पता तो मैं अकेले में बताऊंगा। नवाब मलिक ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय ड्रग माफिया समीर वानखेड़े का दोस्त है। वह क्रूज पर मौजूद था, अपनी महबूबा के साथ डांस और पार्टी कर रहा था। कहो तो इसकी वीडियो भी मैं जारी कर दूं।मलिक ने कहा कि क्रूज पर कोई छापेमारी की ही नहीं गई। जो भी तस्वीरें जारी की गईं वो सब समीर वानेखेड़े के केबिन की तस्वीरे हैं।

#### दो-चार ग्राम चरस पकड़ कर पब्लिसिटी न बटोरें

एनसीपी नेता ने कहा कि एनसीबी देश से ड्रग को खत्म करना चाहती है। तो वह ड्रग पेडलर को पकड़े, माफियाओं को गिरफ्तार करे। हम सब उसके साथ हैं ओर ड्रग्स को देश से खत्म करने में एजेंसी की मदद करेंगे, दो-चार ग्राम में पब्लिसिटी न हासिल करें। नवाब मलिक को एनसीबी के खिलाफ बोलने से रोकने के लिए याचिका उधर, बंबई उच्च न्यायालय में एक व्यक्ति ने जनहित याचिका दाखिल कर महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक को अभिनेता शाहरूख खान के बेटे आर्यन खान से जुड़े मादक पदार्थ के मामले में स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के खिलाफ कोई टिप्पणी न करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। मंगलवार को जनहित याचिका दाखिल करने वाले कौसर अली ने खुद को मौलवी और नशा करने वालों के पुनर्वास के लिए काम करने वाला व्यक्ति बताया है। अली ने उच्च न्यायालय से मलिक को एनसीबी या आर्यन खान मामले से जुड़ी किसी अन्य जांच एजेंसी और ऐसी एजेंसियों के अधिकारियों के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं करने का निर्देश देने का आग्रह किया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि इस तरह की बयानबाजी से जांच एजेंसियों का मनोबल गिरेगा और नशीली दवाओं के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। उच्च न्यायालय ने याचिका पर सुनवाई की तारीख अभी निर्धारित नहीं की है।

#### आर्यन खान को आज मिलेगी बेल? या फिर जेल


आर्यन खान की जमानत याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट में आज (बुधवार) सुनवाई होगी। सुनवाई दोपहर ढाई बजे से शुरू होगी। आर्यन और अरबाज मर्चेंट की जमानत को लेकर मंगलवार बहस पूरी हो गई है। अब आज जमानत अर्जी पर सुनवाई होगी। स्पेशल कोर्ट से जमानत नहीं मिलने पर आर्यन खान ने हाईकोर्ट का रुख किया था। मजिस्ट्रेट अदालत और सेंशस कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद आर्यन का पक्ष रखने पूर्व अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी आगे आए।



## टीव्ही लाइव शो पर शोएब अख्तर की घनघोर बेज्जती

**दुबई।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को लाइव शो में बेइज्जती का सामना करना पड़ा है। पीटीवी स्पोर्ट्स के शो गेम ऑन है के दौरान होस्ट नौमान नियाज ने शोएब के साथ अभद्रता की और उन्हें शो से बाहर जाने को कह दिया। इसके बाद शोएब शो छोड़कर चले गए और सोशल मीडिया पर पूरी घटना बताते हुए अपना दर्द बयां किया। जिस शो में शोएब अख्तर की बेइज्जती की गई, उसमें उनके अलावा सर विवियन रिचर्ड्स और डेविड गोवर जैसे दिग्गज मौजूद थे। शो में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के मैच के बारे में बात हो रही थी, हालांकि उस समय यह मैच शुरू नहीं हुआ था। इस घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के मैच से पहले पाकिस्तान के नेशनल टीवी में शोएब अख्तर की बेइज्जती हुई और काफी देर तक ड्रामा चलता रहा। उन्होंने इस शो में पीएसएल टीम लाहौर कलंदर्स को शाहीन अफरीदी और हरीश रऊफ की गेंदबाजी निखारने का श्रेय दिया। हालांकि बाद में शो के होस्ट ने उनके साथ बदसलूकी की और उन्हें शो से जाने को कह दिया।

## मिट्टी के दीये बनाने-बेचने वालों से नहीं ली जाएगी बाजार बैठकी



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थानीय और स्वदेशी उत्पाद खरीदकर दीपावली को भव्य बनाने का आह्वान किया। उनकी मंशा छोटे कारोबारियों, निर्माताओं और उत्पादकों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने की है। इसी क्रम में प्रदेश के कई जिलों के कलेक्टरों ने मंगलवार को दीये बनाने और बेचने वाले शिल्पकारों से बाजार बैठकी नहीं लेने के आदेश जारी किए, ताकि उनकी मेहनत का लाभ सीधे उन तक ही पहुंचे और लोग भी अधिक से अधिक मिट्टी के दीये खरीदकर शिल्पकारों को समृद्धि प्रदान करें। इस संदर्भ में भोपाल कलेक्टर अविनाश लवानिया ने आदेश जारी करते हुए जिला मुख्यालय से लेकर तहसील और गांव स्तर तक शिल्पकारों के उत्पादों जैसे दीयों आदि की बिक्री पर बाजार बैठकी नहीं लेने कहा है, साथ ही बाजार क्षेत्र में उन्हें अलग स्थान उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए हैं। इस आदेश ने जिले में सभी जगहों पर मिट्टी का सामान विक्रय करने के लिए स्वागत द्वार खोल दिए गए हैं।प्रदेश में सबसे पहले दतिया व मुरैना कलेक्टर ने इस तरह का आदेश जारी किया था। यह आदेश इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद भोपाल, गुना, रीवा, रतलाम, मंदसौर और बैतूल कलेक्टर ने भी इसी आशय के आदेश जारी कर दिए।

## अब नई पार्टी के कैप्टन होंगे अमरिंदर



**चंडीगढ़ ।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह कांग्रेस के खफा होने के बाद आखिरकार आज नई पार्टी बनाने का ऐलान कर दिया है। मीडिया से बात करते हुए कैप्टन अमरिंदर सिंह ने आज कहा कि मैं एक पार्टी बना रहा हूं। अब सवाल ये है कि पार्टी का नाम क्या है, ये मैं आपको नहीं बता सकता क्योंकि ये मैं खुद नहीं जानता। जब चुनाव आयोग पार्टी के नाम और चिन्ह को मंजूर करता है, मैं आपको बता दूंगा। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि सुरक्षा उपायों को लेकर जो मेरा मखौल उड़ाते हैं, मैं 10 साल सेना में रहा हूं। दूसरी तरफ मैं 9.5 साल पंजाब का गृह मंत्री रहा और संवेदनशील मुद्दे मेरे अधीन थे। जो एक महीने गृह मंत्री रहा वो कहता है कि वो मुझसे ज़्यादा जानता है। कैप्टन अमरिंदर सिंह द्वारा नई पार्टी बनाने का ऐलान करने के बाद से ही पंजाब में विशेषकर चंडीगढ़ में सुबह से ही राजनीतिक हड़कंप मच गया है।

### फ्लाइट में कोरोना पाजिटिव मिली महिला

**इंदौर।** एयर इंडिया की इंदौर से दुबई जाने वाली फ्लाइट में 72 साल की महिला यात्री जांच में कोरोना पाजिटिव पाई गई। साथ में पति भी थे, लेकिन वे निगेटिव मिले।इसके बाद दोनों को दुबई की यात्रा करने से रोक दिया गया और राधा स्वामी सत्संग ब्यास स्थित कोविड केयर सेंटर भेजा गया।

## मध्यप्रदेश में कोरोना के 27 नए प्रकरण, सक्रिय मरीज 100 के करीब




**भोपाल।** प्रदेश में कोरोना संक्रमण के मामले एक बार फिर से बढ़ने लगे हैं। सोमवार को प्रदेश में कोरोना के 27 नए मरीज मिले। कुल 52,182 सैंपल की जांच में इतने संक्रमित मिले हैं। जुलाई के बाद पहली बार एक दिन में इतने मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार नए मरीजों में इंदौर के नौ, भोपाल के आठ, नरसिंहपुर के पांच, छिंदवाड़ा के दो, धार के दो व सिंगरौली का एक मरीज शामिल हैं। भोपाल में मंगलवार को भी 11 मरीज मिले हैं। इसके साथ ही प्रदेश में अब कुल मरीजों की संख्या 7,92,774 हो गई है। अब तक 10524 मरीजों की मौत इस बीमारी से प्रदेश में हुई है। प्रदेश में सक्रिय मरीजों की संख्या 99 है। सबसे ज्यादा 40 सक्रिय मरीज भोपाल में हैं। गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले प्रदेश में कोरोना संक्रमण के आठ नए मामले सामने आए थे। इसके अगले ही दिन यह आंकड़ा तीन गुना से भी अधिक बढ़ गया।

## 6 माह के भीतर पेंटागन पर हमला ?

**नई दिल्ली।** पेंटागन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बड़ी जानकारी देते हुए कहा कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी को अंदेशा है कि अफगानिस्तान स्थित इस्लामिक स्टेट छह महीने के भीतर अमेरिका पर बड़ा हमला कर सकता है। अमेरिकी रक्षा उच्च सचिव कॉलिन काहल ने कहा है कि अमेरिका भले ही अफगानिस्तान से लौट गया हो लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। काहल ने कहा कि तालिबान भले ही अफगानिस्तान में युद्ध जीत लिया हो लेकिन उसे अभी इस्लामिक स्टेट के चुनौती का सामना करना होगा। उन्होंने कहा कि अभी यह आकलन करना मुश्किल है कि तालिबान इस्लामिक स्टेट के आतंक को रोकने में कामयाब हो पाएगा या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर आतंकी समूह अफगानिस्तान पर हमला करने की कोशिश करता है तो यह अमेरिका के लिए भी खतरा होगा। उन्होंने कहा कि इस्लामिक स्टेट ऑफ खोरासन और तालिबान एक-दूसरे के दुश्मन हैं। इसलिए तालिबान को संभलकर चलना होगा। इस्लामिक स्टेट के पास कुछ हजार आतंकियों का कैडर है जिसे वह बढ़ाने में जुटे हुए हैं और अमेरिका सहित अन्य देश में अपने कैडर को बढ़ाने में लगे हैं।

### पटना ब्लास्ट के 9 आरोपी दोषी करार, एक रिहा

**पटना।** यहां गांधी मैदान ब्लास्ट मामले में एनआईए की विशेष अदालत ने आज फैसला सुना दिया है। इसके तहत कोर्ट ने 10 में से 9 आरोपियों को दोषी करार दिया है, जबकि एक आरोपी को सबूत के अभाव में बरी कर दिया है। 8 साल पहले आज के ही दिन वर्ष पटना के गांधी मैदान में पीएम मोदी की रैली में सीरियल ब्लास्ट हुए थे।

## बिन बारिश गंगा में बाढ़, कई घाट डूबे



**वाराणसी।** गंगा पहली बार अक्टूबर में उफान पर है। इस कारण कई घाटों का संपर्क टूट गया है। वहीं काशी में आरती स्थल डूब गया है। गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण कानपुर से लेकर वाराणसी तक दहशत बनी हुई है। उत्तराखंड में पहाड़ों पर हुई बरसात का असर भी देखने में आया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार वाराणसी में मंगलवार से जलस्तर तेजी से बढ़ा। कानपुर में गंगा खतरे के निशान के ऊपर हैं। मंगलवार को 3,64,797 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। घाट किनारे रहने वालों में डर पानी बढ़ने के कारण घाट किनारे रहने वालों में डर है। नाविक अपनी नाव को ऊंचे स्थान पर ले जा रहे हैं। वहीं दुकानदार भी अपना सामान सुरक्षित करने में लगे हैं। सोमवार सुबह 8 बजे वाराणसी में गंगा का जलस्तर 63.16 मीटर था। जबकि मंगलवार सुबह 63.58 मीटर रहा। अगले कुछ घंटों में जलस्तर 63.72 मीटर दर्ज किया गया। जल आयोग के अनुसार गंगा का जलस्तर आगे भी बढ़ेगा।

## 672 डाकुओं का सरेंडर कराने वाले सुब्बाराव नहीं रहे



**ग्वालियर।** चंबल के जिन डाकुओं को पकड़ने में अर्जुन सिंह सरकार नाकाम रही ऐसे 672 डकैतों को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करने और तत्कालीन मुख्यमंत्री के सामने समर्पण करवाने वाले एसएन सुब्बाराव का निधन हो गया। श्री सुब्बाराव भारत के प्रख्यात गांधीवादी विचारक थे। राजस्थान की राजधानी जयपुर में सुबह 6. 00 बजे श्री सुब्बाराव का निधन हुआ। सुब्बाराव ने जौरा में गांधी आश्रम की स्थापना की थी। उन्हें पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया था।एसएन सुब्बाराव का पार्थिव शरीर दोपहर 12 बजे जयपुर से मुरैना के लिए रवाना होगा। शाम को 5 बजे मुरैना बैरियर चौराहे पर पहुंचेगा। इसके बाद जौरा स्थित गांधी आश्रम में ले जाया जाएगा। वहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। एसएन सुब्बाराव की मुख्य कर्म भूमि मुरैना रही है। यहां उन्होंने सन 1970 के दशक में 672 डाकुओं का सरेंडर कराया था। मध्य प्रदेश के इतिहास में श्री एसएन सुब्बाराव को हमेशा याद किया जाएगा। चंबल में डाकुओं की समस्या तत्कालीन नहीं थी बल्कि पीढ़ियों पुरानी थी। जिन 672 डकैतों ने श्री सुब्बाराव के कहने पर आत्मसमर्पण किया वह सभी खुद को अपराधी नहीं बल्कि बागी कहते थे। डाकू बनने के पीछे सबकी अपनी कहानी थी और हर कहानी के मूल में सरकार का फैलियर था या फिर पुलिस का अत्याचार था। इस तरह के बागियों के मन में सरकार के प्रति विश्वास जगाना और 5000 से ज्यादा लोगों की हत्या कर चुके 672 डाकुओं को सरेंडर के लिए राजी कर लेना निश्चित रूप से वर्ल्ड रिकॉर्ड है।

## सीधी से सतना जा रही बस छुहिया घाटी में पलटी, 36 यात्री घायल

**रीवा।** सीधी से सतना जा रही बस जिले के गोविंदगढ़ थाना अंतर्गत छुहिया घाटी के हनुमान मंदिर के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई है। हादसा बुधवार सुबह तकरीबन 10. 30 बजे का बताया जा रहा है। मिली जानकारी में बताया गया है कि बस में 45 यात्री सवार थे जिसमें अनियंत्रित होकर बस पर जाने के कारण 36 यात्री घायल बताए जा रहे हैं। जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भेजा गया है। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद सभी को दूसरे वाहन से सतना के लिए रवाना कर दिया गया है जबकि एक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। जिसे इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया गया है। तेज रफ्तार बनी हादसा का कारण- हनुमान मंदिर के समीप टर्निंग होने के कारण तेज रफ्तार बस तकरीबन 20 फीट नीचे खाई में गिर जा गिरी।



# नोटिस देकर कार्यवाही करना भूले अधिकारी

## इमलाज में अपात्र व्यक्ति को पीएम आवास आवंटित करने का मामला

**यश भारत फॉलोअप**

कटनी/रीठी। शासकीय योजनाओं में गड़बड़ी की शिकायतों के बाद जांच में दोषी पाए के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा संबंधितों पर कार्यवाही नहीं किए जाने का मामला सामने आया है। रीठी तहसील के अंतर्गत ग्राम इमलाज निवासी रामकुमार बर्मन की मौत के बाद उसके नाम पर आवंटित होने वाले पीएम आवास को दूसरे अपात्र व्यक्ति रामकुमार काछी के नाम पर आवंटित किए जाने के मामले की जांच में सचिव एवं रोजगार सहायक को दोषी पाया गया था। जनपद पंचायत द्वारा जांच प्रतिवेदन जिला पंचायत के सीईओ को भेजा गया था, इसके बावजूद तीन महीने से अधिक समय बीतने के बाद भी दोषियों को केवल नोटिस जारी किया गया है, इससे वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहा है।

### जांच में दोषी पाए जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं, पीएम आवास पाने दर-दर भटक रही कल्याणी महिला

गौरतलब है कि रीठी तहसील के ग्राम इमलाज में रामकुमार बर्मन की मौत के बाद उसके नाम पर आवंटित होने वाले पीएम आवास को दूसरे अपात्र व्यक्ति रामकुमार काछी के नाम पर आवंटित किए जाने का मामले में पत्नी श्रीमती आशा बाई बर्मन की शिकायत के बाद जांच शुरू की गई थी। यशभारत द्वारा विगत 3 जून को इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने एवं रामकुमार बर्मन की पत्नी श्रीमती आशा बाई बर्मन द्वारा कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से न्याय की गुहार लगाए जाने के बाद जनपद पंचायत रीठी द्वारा ग्राम इमलाज पहुंचकर पूरे मामले की जांच शुरू की गई थी। जांच दल में शामिल पीसीओ डीलन सिंह व पंचायत समन्वयक पीएम आवास जे एल पांडे ने महिला से इस पूरे मामले की जानकारी ली थी। महिला के लिखित बयान भी दर्ज किए गए थे। इस पूरे मामले में ग्राम पंचायत इमलाज के तत्कालीन ग्राम रोजगार सहायक सचिव मिथलेश पाठक, सचिव श्रीधर मिश्रा एवं जिओ टेग पीसीओ लक्ष्मी नारायण मिश्रा की कारगुजारी सामने आई थी। इसके बाद जनपद पंचायत रीठी द्वारा जांच प्रतिवेदन बनाकर जिला पंचायत के सीइओ को भेजा गया था। सीईओ ने विग 23 जुलाई को ग्राम पंचायत इमलाज के तत्कालीन ग्राम रोजगार सहायक सचिव मिथलेश पाठक एवं सचिव श्रीधर मिश्रा को नोटिस भी जारी किया था लेकिन इसके बाद अब तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। इस मामले में कल्याणी महिला आशा बाई बर्मन स्वीकृत पीएम आवास के लिए अभी भी दर-दर भटक रही है।




### सीईओ से संपर्क नहीं हो पाया

इस पूरे मामले में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश चंद्र गोमे से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

### यह था मामला

जनपद पंचायत रीठी के अंतर्गत ग्राम इमलाज निवासी रामकुमार बर्मन को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास आवंटित किया गया था, लेकिन इसी दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के बाद नियमानुसार पीएम आवास उसकी पत्नी आशाबाई बर्मन को आवंटित किया जाना था लेकिन नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अपात्र व्यक्ति रामकुमार काछी के नाम पीएम आवास आवंटित कर दिया। पीड़ित आशा बाई ने कलेक्टर से शिकायत की थी एवं उसके पुत्र लक्खू बर्मन ने सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतों की जांच करने 14 जून को जांच दल ग्राम इमलाज पहुंचा था और जांच की थी।



# श्रीराम यज्ञ दीपदान, गंगा आरती धार्मिक आयोजन 5 नवम्बर को

### श्रीराम सेवा समिति की बैठक में दीपदान कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने का निर्णय

**कटनी।** श्रीराम सेवा समिति कटनी के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली के पावन पर्व पर परीबी के दिन 5 नवम्बर को स्थानीय कटायेघाट श्री राम मंदिर में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान करने 26 अक्टूबर को पूर्व विधायक व श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष सुकीर्त जैन के हीरागंज स्थित निवास पर आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की विधिवत रूपरेखा तैयार की गयी। श्रीराम यज्ञ, दीपदान एवं गंगा आरती की तैयारियों हेतु आवश्यक बैठक में सुकीर्ति जैन, सचिव विक्रम खम्परिया, लालजी पंडा, कार्यक्रम समिति अध्यक्ष मिट्ठूलाल जैन, रामेश्वर शर्मा, वेंकटेश गौड़, राजू रजक, भवानी तिवारी, हेतराम बर्मन, रामहित सोनी, रजनीश गौतम, वीरेंद्र सिंह, नित्यानंद पाठक, संतोष सेन सहित अन्य रामभक्तों की उपस्थिति रही। श्रीराम सेवा समिति द्वारा ध्वज वंदन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा तथा श्रीरामचरितमानस पाठ महाआरती के अलावा कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में नगर के समाजसेवी गणमान्यजन भी कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करने मौजूद होगें।

### गुटखा के विवाद पर मारपीट

**कटनी।** रीठी थाना अंतर्गत ग्राम कठौतिया में विवाद सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मारपीट सहित एससीएसटी का मामला दर्ज किया किया है। रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि सुदर्शन आदिवासी कठौतिया गुड्डा पटेल के यहां राजश्री लेने गया था। रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ। सुदर्शन ने रुपये नहीं दिए तो गुड्डा ने लाठी से सिर में प्रहार कर दिया, जिसमें उसे चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए मामले को जांच में लिया है।

# खराब फसल लेकर तहसीलदार के पास पहुंचे किसान

### रीठी तहसील सहित पूरे जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग



**रीठी।** रीठी तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत खमरिया नंबर 1 एवं कुदरी ग्राम के किसानों ने विगत 26 अक्टूबर को अपनी बर्बाद फसल लेकर तहसील मुख्यालय में प्रदर्शन किया। किसानों ने रीठी तहसीलदार विजय द्विवेदी से गुहार लगाई कि अल्पवर्षा होने के कारण उनकी फसल चौपट हो चुकी है। उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत ही दयनीय हो चुकी है, इसके बावजूद राज्य सरकार द्वारा कोई सहायता नहीं दी जा रही है। किसानों ने मांग की है कि रीठी तहसील सहित पूरे जिले को सूखाग्रस्त घोषित किया जाए और बरबाद हुई फसलों का सर्वे करते हुए उन्हें उचित मुआवजा दिलाया जाए।

# कोयला आपूर्ति के लिए मालगाड़ियों के परिचालन के चलते तीन ट्रेनें निरस्त

**कटनी।** पॉवर सप्लाई की आपूर्ति के लिए रेल प्रशासन द्वारा बिजली घरों में कोल सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए माल गाड़ियों के भारी आवागमन के चलते पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली तीन स्पेशल ट्रेनों को एक-एक ट्रिप के लिए निरस्त किया गया है। ये स्पेशल गाड़िया कटनी मुड़वारा, दमोह एवं सागर स्टेशनों से होकर गुजरती हैं। जिसमें गाड़ी संख्या 02365 भोपाल से सिंगरौली स्पेशल ट्रेन को भोपाल स्टेशन से 30 अक्टूबर और वापसी में गाड़ी संख्या 02366 सिंगरौली से भोपाल स्पेशल ट्रेन को सिंगरौली स्टेशन से 2 नवंबर को निरस्त किया गया है इसी तरह गाड़ी संख्या 02373 सिंगरौली से निजामुद्दीन स्पेशल ट्रेन को सिंगरौली स्टेशन से 31अक्टूबर और वापसी में गाड़ी संख्या 02374 निजामुद्दीन से सिंगरौली स्पेशल ट्रेन को निजामुद्दीन स्टेशन से 1 नवंबर को निरस्त किया गया है। इसी तरह गाड़ी संख्या 03025 हावड़ा से भोपाल स्पेशल ट्रेन को हावड़ा स्टेशन से 1 नवंबर और वापसी में गाड़ी संख्या 03026 भोपाल से हावड़ा स्पेशल ट्रेन को भोपाल स्टेशन से 3 नवंबर को निरस्त किया गया है।



# धूमधाम से निकली जिनवाणी माता की पद शोभायात्रा, जगह-जगह स्वागत

### 24 पालकियों में रखे गए जैन समाज के पवित्र ग्रंथ



**कटनी।** श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़े मंदिर जी से आज प्रातः 6 बजे धर्म प्रभावना हेतु जिनवाणी माता पद शोभायात्रा प्रारंभ शहर में निकाली गई। जो जवाहर चौक, कपड़ा बाजार, सुभाष चौक, जयदयाल रोड, साधूराम हाईस्कूल के सामने से होते हुए जैन बोर्डिंग परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई। यात्रा में 24 पालकियों में जैन समाज के पवित्र ग्रंथ जिनवाणी रखकर श्वेत वस्त्र पहनकर महिलाओं के साथ ही बालिकाएं चल रही थीं। युवाजन जय जयकार के नारे लगाते हुए चल रहे थे। श्रद्धा एवं भक्ति के साथ निकाली गई पदयात्रा में भारी संख्या में श्रावक श्राविकाओं ने शामिल होकर धर्मलाभ ग्रहण किया। नगर में विराजमान आचार्य श्री 108 कुलरत्न भूषण जी महाराज ने बतलाया कि जिनवाणी ग्रंथ को पढ़कर जो जीवन जीता है, उसका जीवन सुखमय शांतिमय बनता है। इसलिए सभी को जिनवाणी पढ़ना चाहिए। जिससे आपकी आत्मा का कल्याण होगा। जिनवाणी माता पद शोभायात्रा के समापन पर श्रीमती आराधना राकेश जैन कक्का एवं श्रीमती पूर्वी आदित्य जैन द्वारा सभी श्रद्धालुओं को जैन मंदिर के सामने स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।

### वर्षाजल औषधि के रूप में कारगर : आचार्य कुलरत्न भूषण महाराज

आचार्य कुलरत्न भूषण महाराज ने कहा कि आज से 10 दिनों तक सम्पूर्ण भारत में जहां तक यह संदेश पहुंच रहा है, वहां के लोग पूर्णायु में औषधिदान करना चाहते हैं, तो जिस नगर में वर्षा हो, वहां के लोग उस वर्षा के जल को एकत्रित कर लें। एल्युमीनियम एवं प्लास्टिक के बर्तन को छोड़कर किसी भी बर्तन में एकत्रित कर लें, क्योंकि जैनाचार्यों ने बताया है कि इस समय का जल औषधि के लिए बहुत लाभदायक होता है, इसलिए यदि आपके यहां वर्षा हो, तो अवश्य जल को एकत्रित करें।


## सिटी मॉल बरही रोड में

हॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, साइंस फिक्शन फिल्म




रोजाना 3 शो ता. 29 से दोपहर 3, 5.30 एवं रात्रि 8 बजे से

**DUNE (हिन्दी में)**

(PART ONE)

कलाकार- टिमोटी क्लेमेट, रेबेका फरगुसन, ऑस्कर ईसाक, जोश ब्रोलीन, स्टीफन मेकिन्ली आदि।

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।


# एनएसएस के स्वयंसेवकों ने की गांव की सफाई



**विजयराघवगढ़।** शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ के स्वयं सेवकों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक शासन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तारतम्य में कल 25 अक्टूबर को महाविद्यालय की एनएसएस इकाई कार्यक्रम अधिकारी एवं महाविद्यालय प्राचार्य के मार्गदर्शन में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा प्लास्टिक मुक्त भारत का संकल्प लेते हुए महाविद्यालय स्तर पर गोद लिए ग्राम रमना में प्लास्टिकयुक्त कचरे की सफाई की एवं सिगल यूज प्लास्टिक को एकत्र किया गया। ग्राम नागरिकों को अपने घर के आसपास स्वच्छता रखने एवं सूखा और गीला कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखने के लिए जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बंजारी के सरपंच सुशील कुमार साहूए महाविद्यालय स्टाफ छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।


## सिटी मॉल बरही रोड में

हॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, शानदार दूसरा सप्ताह




रोजाना 2 शो ता. 29 से दोपहर 12, एवं 1.30 बजे से

**VENOM (हिन्दी में)**

(LET THERE BE CARNAGE)

कलाकार- जेनी स्लेट, वुडी हैरेलसन, सोप अलुको, स्कॉट डेकर्ट, मार्सेला ब्राागियो आदि।

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।





# चंडिका नगर में निकली कलश शोभायात्रा

### संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन, 29 को श्री कृष्ण जन्मोत्सव व 31 अक्टूबर को रूकमणी विवाह



**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र कुठला चंडिका नगर में चौबे परिवार द्वारा संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 26 अक्टूबर से 2 नवंबर तक किया गया है। जिमसे कथा वाचक भागवत मर्मज्ञ शास्त्री पंडित रामकुशल भारद्वाज द्वारा भागवत कथा के साथ प्रवचनों की अमृतवर्षा की जा रही है। आयोजन में परिवारजनों के साथ ही क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित कर रहे हैं। संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा शुभारंभ कल 26 अक्टूबर को कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। निवास से शुरू होकर कलश शोभायात्रा क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होते हुए आयोजनस्थल पहुंचकर समाप्त हुई। इसके साथ ही पहले दिन बैठकी व महात्म्य कथा का आयोजन हुआ। कथा सुबह 8 बजे से 11 बजे तक, पूजा पाठ व अभिषेक दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक कथा प्रवचन होंगे। कथा वाचक भागवत मर्मज्ञ शास्त्री पंडित रामकुशल भारद्वाज द्वारा 27 अक्टूबर को परीक्षित जन्म कथा, 28 अक्टूबर को प्रहलाद चरित्र, दक्ष कथा, शिव विवाह 29 अक्टूबर को समुद्र मंथन की कथा का वाचन किया जाएगा। इसी दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव भी धूमधाम से मनाया जाएगा। इसी क्रम में 30 अक्टूबर को गोवर्धन लीला व 31 अक्टूबर को रूकमणी विवाह का आयोजन किया गया है। 1 नवंबर को सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष की कथा के वाचन के साथ ही 2 नवंबर को पूर्णाहूति, भंडारा एवं ब्राम्हण भोज का आयोजन किया गया है। आयोजक श्रीमती निर्मला चौबे, श्रीमती ज्ञानदेवी चौबे, रामेश्वर प्रसाद चौबे, श्रीमती साधना चौबे, अशोक चौबे, नितिन चौबे, श्रीमती रश्मि चौबे, श्रीमती आरती त्रिपाठी, रामलाला त्रिपाठी, श्रीमती पूजा तिवारी, चिंतामणि तिवारी, शुभी, शिवी, अंतश, हर्षवर्धन ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से आयोजन में पहुंचकर धर्मलाभ ग्रहण करने का अनुरोध किया है।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 27 अक्टूबर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

**कई प्रदेशों में होता है सप्लाई, रीठी तहसील में हैं सेंड स्टोन की खदाने, 9 से 28 नवम्बर तक जागृति पार्क कटनी में आयोजित होगा स्टोन आट फेस्टिवल**

## शिल्पकारों की पहली पसंद है, जिले का सेंड स्टोन



**कटनी।** जिले के पुरातन किले, शानदार शिल्पकला के लिए पहचान रखने वाले मंदिर और उनमें की गई शानदार नक्काशी, देखकर लोग आज भी दांतों तले उंगलियां दबा लेते हैं। शिल्पकारों ने अपनी कला को जिले में निकलने वाले पत्थरों पर ही उकेरा और आज वे ऐतिहासिक कलाकृतियां हमारे पास धरोहर के रूप में मौजूद हैं। जिले का सेंड स्टोन उस समय शिल्पकला के कारीगरों के लिए जितना उपयोगी था, उतना आज भी है। वर्तमान समय में पत्थरों को शिल्प का रूप देने आधुनिक साधन उपलब्ध हैं लेकिन उसके बाद भी जिले के सेंड स्टोन की मांग कई प्रदेशों में है और यह मांग इसलिए है कि जिले में निकलने वाला स्टोन साफ्ट होता, जो कारीगरी के लिए उपयुक्त माना जाता है। खनिज अधिकारी संतोष सिंह ने बताया कि जिले की रीठी तहसील में घनिया व डांग ग्राम पंचायत के क्षेत्र में बड़े स्तर पर सेंड स्टोन की खदानें हैं। वर्तमान में चार बड़ी खदानों की स्वीकृति खनिज विभाग से है। रीठी की खदानों से निकलने वाले सेंड स्टोन की कटनी ही नहीं बल्कि कई प्रदेशों में मांग है। वर्षो से सेंड स्टोन पर कारीगरी का काम करने वाले खरे स्टोन के प्रोप्राईटर राजू खरे के अनुसार जिले का सेंड स्टोन पूरे हिन्दुस्तान में जाता है। जिसमें से विशेष रूप से जयपुर, दिल्ली, कोटा, ग्वालियर, चंडीगढ़, उदयपुर, जबलपुर, नागपुर शामिल हैं। इनके अलावा अन्य कई बड़े शहरों में शिल्पकला के लिए कटनी के पत्थर की मांग है। जिले को इन खदानों से हर साल 10 लाख रूपये से अधिक का राजस्व मिलता है।

### जालियां, मंदिर, स्टेचू तैयार करने में आसानी

वैसे तो जिले में निकलने वाले सेंड स्टोन को घरों में फर्श, छत, दीवारों में उपयोग होता है लेकिन सबसे अधिक मांग इन दिनों घरों, गार्डन को खूबसूरत बनाने के लिए आर्च, जालियां, स्टैचू, मंदिर, पिलर, आदि तैयार करने को लेकर है। जिले की खदानों में तीन रंग का सेंड स्टोन पाया जाता है। जिसमें लाल, हरा और पीला रंग शामिल है और इनके माध्यम से ही शिल्पकला के कारीगर देशभर में लोगों को अपनी कला से प्रभावित कर रहे हैं।

### स्टोन फेस्टिवल में देशभर के आर्टिस्ट दिखाएं हुनर

जिले सेंड स्टोन की खासियत को देखते को जिला प्रशासन एक जिला एक उत्पाद के तहत शहर के जागृति पार्क में 9 नवंबर से 28 नवंबर तक स्टोन आर्ट फेस्टिवल ''आधारशिला'' का आयोजन करने जा रहा है। जिसमें देशभर के शिल्पकारों को आमंत्रित किया गया है। देशभर के शिल्पकार फेस्टीवल में शामिल होंगे और जिले के सेंड स्टोन, मार्बल पर कलाकृतियां उकेरेंगे। उनके द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी और नीलामी भी होगी। साथ ही सबसे बेहतरीन कलाकृति को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## जब लेंगे वैक्सीन के दोनों डोज, तभी होगी स्वास्थ्य की पूरी सुरक्षा

### कोविड से बचाव को लेकर वैक्सीन के द्वितीय डोज को लेकर क्या कहते हैं एक्सपर्ट

**कटनी।** कोरोना से बचाव को पहला डोज लेकर ही बैठ जाना उचित नहीं है। जिस प्रकार हम अपना घर बनाते हैं और उसमें ईट जोड़कर भी काम चल जाता है लेकिन जब हम मकान की दीवारों में सीमेंट से छपाई कराते हैं तो हमारा भवन मजबूत हो जाता है। उसी प्रकार कोविड से बचाव को लेकर शरीर को मजबूत करने में द्वितीय डोज भी जरूरी है। यह कहना है विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सर्विलेंस मेडीकल आफीसर डॉ. अभिषेक बछोतिया का। डॉ. बछोतिया का कहना है कि हर व्यक्ति का शरीर अलग-अलग होता है। जब हम कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन का पहला डोज लेते हैं तो किसी की प्रतिरोधक क्षमता 60 से 80 प्रतिशत ही बढ़ती है जबकि कई लोगों की 85 से 90 प्रतिशत तक लेकिन जब हम वैक्सीन का दूसरा डोज लेते हैं तो हमारे शरीर की मजबूती बढ़ती है और प्रतिरोधक क्षमता 95 प्रतिशत या उससे अधिक तक बढ़ जाती हैं। यही वाइरस को हमारे शरीर का नुकसान करने से रोकती है। डॉ. बछोतिया का कहना है कि इसलिए कोविड से बचाव के लिए दूसरा डोज लगवाना अत्यंत ही जरूरी है।

### कोविड हो चुका, तब भी लगवाएं दोनों डोज

एक्सपर्ट डॉ. बछोतिया का यह भी कहना है कि यदि आपको कोरोना हो चुका है तो भी वैक्सीन के दोनों डोज अवश्य लगवाएं। उनका कहना है कि संक्रमण का शिकार होने के दौरान हमारे शरीर में मौजूद संक्रमण से लड़ने में ही ऊर्जा समाप्त हो जाती है। ऐसी स्थिति में दोनों डोज लगवाना जरूरी है ताकि दोबारा संक्रमण होता है तो उसमें गंभीर रूप से बीमार होने की आशंका न के बराबर होती है। उनका कहना है कि जब हम वैक्सीन का दूसरा डोज लेंगे तभी संभावित तीसरी लहर से हमारा बचाव हो सकेगा।

### गर्भवती महिलाएं भी लगवा सकेंगी वैक्सीन

डॉ. बछोतिया का कहना है कि महा अभियान के दौरान गर्भवती महिलाएं भी टीका लगवा सकती हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को भीड़-भाड़ में परेशानी न हो इसके लिए जिला अस्पताल सहित जिले के ब्लाक स्तर और विजयराघवराघगढ़ सिविल अस्पताल में प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को टीकाकरण की व्यवस्था कराई गई। जिसमें सिर्फ गर्भवती महिलाओं को ही टीके लगाए जाते हैं।

## कांटी में खुले 5 बिस्तर क्षमता का लघु स्वास्थ्य केंद्र

### लगभग 20 हज़ार की आबादी को मिलेगा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

**विजयराघवगढ़।** विजयराघवगढ़ विधान सभा छेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कांटी के ग्रामीणों ने ग्राम में 5 बिस्तर छमता का मिनी पी एस सी सेंटर खोले जाने केंद्र और राज्य शासन को पत्र लिखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम लिखे गए इस पत्र की प्रति सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं क्षेत्रिय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक को भी प्रेषित की गई है। ग्रामीणों की ओर से प्रेषित पत्र में बताया गया है कि ग्राम कांटी में स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर एक उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित है जिसमें डॉक्टर एवं अन्य स्टाफका अभाव है। बतौर नर्स यहां एक एएनएम पदस्थ है जिस पर प्रसव कराने से लेकर लोगों का ईलाज करने तक कि जिम्मेदारी है। ग्राम कांटी न केवल एक बड़ा ग्राम है बल्कि आस-पास के ग्राम धौरा, सिजहनी, अमाड़ी, बरछेका, कुर्सी टोला, छाता- बदेरा, जुगिया, पहाड़िया, नन्हवारा, मोहास, मुड़हरा, दडऔरी, हथेडॉ, हड़कुहरी, सतवारा, पौनिया, देवसरी, जीवारा, नरेडी, बरहटा, बाराहटी, राजरवारा आदि 30 से भी अधिक ग्रामों की आबादी इससे जुड़ी है। अगर कांटी में लघु स्वास्थ्य केंद्र खुलेगा तो पूरी आबादी को इसका लाभ मिलेगा।




## पोस्ट ऑफिस के माध्यम से विधिक सेवा प्राधिकरण को शिकायत भेज सकते पक्षकार

**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान में तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्यामाचरण उपाध्याय के मार्गदर्शन में, सचिव दिनेश कुमार नोटिया द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत सोमवार को ग्राम पंचायत गैतरा एवं भरौली में संयुक्त रूप से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में सचिव दिनेश कुमार नोटिया ने उपस्थित ग्रामवासियों की राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन वितरण संबंधी समस्यायें सुनते हुये उनके निराकरण हेतु सरपंच, सचिव को निर्देशित किया। उक्त अवसर पर हंसीबाई गोटिया नाम की महिला द्वारा राशन न मिलने संबंधी समस्या बताये जाने पर उस महिला को राशन की व्यवस्था करवाने हेतु निर्देश दिये। साथ ही बताया कि ग्रामवासियों की अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संपर्क कर अपनी शिकायत प्रस्तुत कर सकते है। इसके साथ ही सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक को अपने मोबाइल पर नालसा के विधिक सहायता मोबाइल ऐप डाउनलोड किये जाने हेतु अनुरोध किया गया, और बताया गया कि नालसा ऐप्स के माध्यम से भी ग्रामवासियों की समस्याओं से संबंधित शिकायत रजिस्टर करा सकते है। पक्षकार यदि चाहे तो पोस्ट ऑफिस के माध्यम से भी अपनी शिकायत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेज सकते है। सचिव ने नालसा तथा सालसा की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, निःशुल्क विधिक सहायता योजना, मध्यस्थता योजना, लोक अदालत के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उक्त अवसर पर ग्राम पंचायत गैतरा के सचिव इंद्रकुमार पटेल, सरपंच टंटाराम पटेल, रोजगार सहायक हरिशंकर विश्वकर्मा, पीएलव्ही मनीषा प्यासी, जिला प्राधिकरण के कर्मचारी सहित ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।




**निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों को मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश**

## पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट में हुई बैठक



**कटनी।** पंचायत निर्वाचन की प्राथमिक तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने स्थानीय निर्वाचन से जुड़े सभी संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन कार्य मुस्तैदी से करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि सभी विभाग प्रमुख अपने विभागीय एम्पलाई का डाटा फ्रीज शीघ्र करायें। इस कार्य में विलंब ना हो, यह सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होने स्थानीय निर्वाचन से जुड़े पोर्टल को सतत् रुप से मॉनिट करने और उसमें की जाने वाली फीडिंग निर्धारित समयावधि में कराने के निर्देश सभी एसडीएम को दिये। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन साधना परस्ते ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होने पावर पॉईन्ट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से मतदान केन्द्रों, पंचायतों की संख्या के विषय में बताया। साथ ही मतदाता सूची, क्लस्टर स्तर पर एआरओ की नियुक्ति, ईवीएम की जानकारी, निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण, सेक्टर एवं रुटचार्ट, संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों की जानकारी, खण्डस्तर पर ईवीएम स्ट्रांगरुम की स्थापना, मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी का प्लान और ईवीएम प्रबंधन के विषय में विस्तार से बताया। स्थानीय निर्वाचन संबंधी बैठक में अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो सहित सभी एसडीएम एवं संबंधित नोडल अधिकारी मौजूद थे।

## पटवारियों ने सरकार से मांगा हड़ताल अवधि का वेतन




**मुख्यमत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कहा दीपावली के पहले हो भुगतान**

कटनी। द्वारिका भवन में अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो की अध्यक्षता में कटनी अनुभाग के अंतर्गत आने वाली चारों तहसील कटनी, कटनी नगर, रीठी, बड़वारा की भू-अभिलेख पखवाड़ा की मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें अनुविभागीय अधिकारी बलवीर रमन, तहसीलदार मुनव्वर खान, संदीप श्रीवास्तव, विजय द्विवेदी, क्षमा सराफ, सहायक अधीक्षक भू अभिलेख मुन्ना तिवारी, नायब तहसीलदार रविंद्र पटेल, राजीव मिश्रा तथा सभी राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिलाध्यक्ष दादूराम पटेल द्वारा अगस्त का हड़ताल अवधि का पटवारियों का वेतन प्रदान किये जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी कटनी को मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव राजस्व, आयुक्त भू-अभिलेख मोती महल ग्वालियर, व कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा एवं मांग की गई कि मध्यप्रदेश का पटवारी उच्च न्यायालय जबलपुर के सम्मान में अपनी हड़ताल समाप्त कर कार्य पर उपस्थित हुआ है, जिसे अगस्त माह का हड़ताल अवधि वेतन प्राप्त नहीं हुआ है। दीपावली पूर्व हड़ताल अवधि को कर्तव्य अवधि मानकर वेतन प्रदान करने के आदेश प्रसारित किये जाए। ज्ञापन के समय पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष दादूराम पटेल, संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष धर्मेंद्र धरण त्रिपाठी, सभी तहसीलों के अध्यक्ष प्रकाश गुप्ता, चंद्रशेखर कोरी, अनुज दाहिया, अमित श्रीवास्तव, राकेश पांडे, अमित कनकने, विनीत सिंह बघेल, राजकुमार गौतम, तुलाराम वर्मा, रवींद्र तिवारी, भानसिंह बागरी, अवध मिश्रा, मुख्त्यार अहमद, ज्ञानेश्वर तिवारी, नितिन सोनी, राकेश गुप्ता, संदीप कश्यप, अनिल गुप्ता, राजेश दुबे, सुभाष गर्ग, धर्मेंद्र ताम्रकार, पंकज विश्वकर्मा, अभिषेक तिवारी, राघवेंद्र राजपूत, धर्मेंद्र बागरी, अतिश सिंह, विपुल जैन, राहुल गौतम, राहुल सिंह सेंगर, आनंद पांडे, पवन पटेल, संजय राठौर, रामनाथ बुनकर, संदीप गर्ग, बृजेश साहू, प्रतिभा मिश्रा, राविया वानो, किरण सेन, क्षिप्रा त्रिपाठी, ज्योति अग्नि होत्री, अहमद रजा, अनुज जायसवाल, नियाज अहमद, देवेन्द्र भगत, सत्येंद्र राठौर, प्रमोद दीक्षित, राहुल चौरसिया, अशोक श्रीवास्तव, प्रवीण विश्वकर्मा, मानवेंद्र मिश्रा, नंदलाल ताम्रकार, घनश्याम गढ़वाल, चंदन असाटी, संजीत कुमार धुर्वे, विजेंद्र उरांव, आशीष शर्मा, पारुल पूजा त्रिवेदी, अजीता गौतम आदि पटवारियों की उपस्थिति रही।

## पुरवार समाज ने रोगियों को बांटे फल





**कटनी।** किसी भी बीमारी से उबरने हेतु, दवाओं व चिकित्सक की देख रेख के साथ साथ अच्छे पौष्टिक आहार का विशेष महत्व होता है, अच्छा विटामिन, प्रोटीन युक्त आहार व फलों के सेवन से मरीज अधिक जल्दी रिकवर हो जाते है। इसी मूल भावना के अंतर्गत, पुरवार समाज सक्रियता कमेटी के अनिल कुमार पुरवार द्वारा जिला चिकित्सालय कटनी मे फल वितरण का कार्यक्रम निर्धारित किया था, जिसको गत दिवस क्रियान्वित किया गया। इस अवसर पर सामाजिक संयोजक अनिल कुमार पुरवार, अध्यक्ष कुलभूषण पुरवार, सचिव ओम प्रकाश पुरवार, कटनी विकास संघ अध्यक्ष सुयश पुरवार, प्रदीप पुरवार, तापस पुरवार, पूरन पुरवार व अन्य सामाजिकजनों द्वारा मरीजों के वार्ड वार्ड पहुँचकर इलाज करा रहे रोगियों से उनका हाल-चाल जाना और परिजनों से भी बातचीत की। तत्पश्चात रोगियों को सेब, संतरा, केला आदि फल वितरित किए गए।

**बैग गुमा**

सूचित किया जाता है कि मैं दिनांक 04.08.2021 को बस में कटनी से पन्ना अपना बी.एड. का फार्म भरने जा रहा था, मैं शाहनगर पर पानी पीने के लिए उतरा उसी दौरान मेरा बैग जो काले रंग का था चोरी हो गया था, जिसमें मेरी कक्षा 10वीं की मूल अंकसूची जिसका अनुक्रमांक 1216604 जो मैंने सन् 2014 एवं कक्षा 12वीं की मूल अंकसूची जिसका अनुक्रमांक 1711489 सन् 2016 में उत्तीर्ण की थी गुम हो गई हैं जो काफी खोजने पर भी नहीं मिली, जिस किसी सज्जन को मिले निम्न पते पर सूचित करें।

सुनील सिंह ठाकुर
पता- ग्राम पटौंहा तहसील रीठी जिला कटनी (म.प्र.)
मो. 9752922898

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक



Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah
Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मधई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-gopivishwakarma@gmail.com

अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें
www.yashbharat.com

एन.ए.बी.एच. द्वारा प्रमाणित
mgm HOSPITAL We Cure with Care
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन : 07622-405070-71-72 मो. 9424957890




अस्थि रोग | शल्य चिकित्सा | स्त्री रोग | ह्रदय रोग | सामान्य चिकित्सा | फिजियो थेरेपी | शिशु रोग | दंत रोग | मस्तिष्क रोग | नेत्र रोग

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षो में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC



छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को गंभीरता से लें अधिकारी



टाइम लिमिट की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**कटनी।** सीएम मॉनिट और सीएम हाउस से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता पर करें। सीएम हेल्पलाईन व सेन्ट्रल पीजीआर पर प्राप्त शिकायतों को भी गंभीरता से लें। यह निर्देश सोमवार को आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुखों को दिये। उन्होने सीएम मॉनिट एवं सीएम हाउस से प्राप्त लंबित शिकायतों का रिव्यू करते हुये सभी संबंधित अधिकारियों को अप्रसन्नता पत्र जारी करने के आदेश दिये। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इन समस्त शिकायतों का निराकरण करें। टाईम लिमिट की बैठक में सीएम हेल्पलाईन का विस्तार से रिव्यू भी कलेक्टर ने किया। उन्होने विभागवार प्रकरणों की जानकारी ली। श्री मिश्रा ने कहा कि सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का प्रभावी निराकरण करने वाले टॉप-5 बेस्ट परफॉर्मर को प्रमाण पत्र दिया जाये। यह व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में सामूहिक स्वच्छता को लेकर भी कलेक्टर श्री मिश्रा ने विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि अपने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई व स्वच्छता सभी बनाकर रखें। अपर कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टर को संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित कार्यालयों की साफ-सफाई की रैंकिंग कराने के निर्देश भी श्री मिश्रा ने दिये। सेना में नियुक्त जिले के सैनिकों की समस्याओं के निराकरण के लिये पृथक से हेल्पडेस्क स्थापित करने की बात भी समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि सेना में नियुक्त सैनिकों, जो हमारे जिले के निवासी हैं, यदि उनकी कोई समस्या या आवेदन प्राप्त होता है, तो प्रो-एक्टिव होकर उस पर कार्रवाई करें। टीएल मीटिंग में कलेक्टर ने जिले के किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता एवं उपयोगिता के विषय में एसएमएस के माध्यम से जानकारी उन तक पहुंचाने के लिये प्रोजेक्ट डायरेक्टर आत्मा को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि केवीके के पास उपलब्ध किसानों के डेटाबेस और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत उपलब्ध किसानों के मोबाईल नंबर पर भी एसएमएस करने के निर्देश दिये। बैठक में 15 सूत्रीय अल्पसंख्यक कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिये जिलास्तरीय समिति के गठन के निर्देश भी कलेक्टर ने दिये। उन्होने एसडीएम को फसल सांख्यिकी सुधार योजना के तहत कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के लिये भी निर्देशित किया। वहीं राष्ट्रीय सवैच्छिक रक्तदान माह के तहत रक्तदान शिविर आयोजित करने के निर्देश सिविल सर्जन को दिये। बैठक में सभी एसडीएम को प्राईवेट आईटीआई, स्कूल, नर्सिंग होम के निरीक्षण करने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिये। उन्होने सभी जिलास्तरीय अधिकारियों को भी अपने विजिट के दौरान विद्यालयों में संचालित नेस की गतिविधियों का निरीक्षण करने की बात कही। स्वामित्व योजना की प्रगति का रिव्यू भी टीएल मीटिंग में कलेक्टर ने किया। समय सीमा की बैठक में अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिना अनुमति चल रहे निर्माण कार्यों पर निगमायुक्त ने लगाई रोक





**कटनी।** निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में क्षेत्रीय उपयंत्रियों एवं अतिक्रमण दस्ते द्वारा नगर के विभिन्न वार्डो में चल रहे बिना अनुमति निर्माण एवं अनुमति के विपरीत निर्माण कार्य के प्रकरणों पर कार्यवाही की जा रही है। निगम प्रशासन द्वारा क्षेत्रीय उपयंत्री एसकेगर्ग, संजय मिश्रा, जायेन्द्र प्रताप सिंह बघेल, टाईमकीपर मनोज पाठक, पंकज निगम, अभिषेक सिंह बघेल सहित अतिक्रमण दस्ते की उपस्थिति में बिना अनुमति एवं अनुमति के विपरीत निर्माण कार्यो पर अभियान चलाकर कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान मनोज प्यासी एवं सतीश सरावगी बरगवां द्वारा अनुमति विपरीत निर्माण कार्य करनें तथा कमरूद्दीन बरगवां, अशोक कुशवाहा, केके दुबे जगजीवनराम वार्ड, अनिल कुमार राम जानकी हनुमान वार्ड, कमल कुमार निषाद रफी अहमद किदवई वार्ड, अशोक नारंग, पंकज जेवरानी माधवन नगर संत कवरराम वार्ड द्वारा बिना अनुमति निर्माण कार्य किये जाने पर निर्माण कार्य को बंद कराया जाकर निर्माण सामग्री जप्ती कमी कार्यवाही की गई।



# राजस्व अभिलेख में सुधार के लिए 1 से 15 नवम्बर तक चलेगा विशेष अभियान

## अपर कलेक्टर एवं एसडीएम ने शुद्धिकरण पखवाड़े को लेकर अधिकारियों को दी जानकारी

**कटनी।** द्वारिका भवन में राजस्व अनुभाग कटनी अंतर्गत समस्त आरआई एवं पटवारियों की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो एवं एसडीएम बलबीर रमन ने उपस्थित विभागीय अमले को 1 नवम्बर से प्रारंभ हो रहे शुद्धिकरण पखवाड़े के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही स्वामित्व योजना के तहत की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अपर कलेक्टर ने बताया कि प्रदेश शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार राजस्व अभिलेखों में सुधार के लिये पूरे प्रदेश में 1 नवबर से 15 नवम्बर तक शुद्धिकरण पखवाड़ा मनाया जायेगा। जिसमें नामांतरण और भूमि स्वामी का नाम आधार कार्ड के अनुसार सुधारा जायेगा। इस अवधि में सभी संबंधित अमले को जारी निर्देशों के तहत अपने-अपने क्षेत्रों में नागरिकों को सेवायें उपलब्ध कराने के निर्देश अपर कलेक्टर ने दिये। बैठक में जिले में स्वामित्व योजना के तहत आबादी सर्वे के कार्य में प्रभावी कार्रवाई करने के लिये निर्देशित किया गया। इस दौरान कटनी राजस्व अनुभाग के समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आरआई एवं पटवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राममनोहर लोहिया वार्ड में लगी शिक्षा चौपाल

## मसुरहा वार्ड में नुक्कड नाटक एवं रैली से दिया स्वच्छता का संदेश






**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की गतिविधियों से नागरिकों को अवगत कराते हुए नगर की सफाई व्यवस्था में सकारात्मक सहयोग प्राप्त करने के उद्धेश्य से रोजाना जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन सुनील सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में विगत दिवस जगन्नाथ चौक में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के माध्यम से उपस्थित जनों को अमानक प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण को होने वाले नुकसानो से अवगत कराते हुए प्लास्टिक बैग के स्थान पर कपड़े की थैली का उपयोग करने की समझाईश दी गई। टीम के सदस्यों द्वारा क्षेत्रीय वार्ड दरोगा की उपस्थिति में गणेश प्रसाद मसुरहा वार्ड में सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज के तहत घर घर दस्तक अभियान, प्रभात फेरी एवं नुक्कड नाटक के माध्यम से जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाकर स्थानीय वार्डवासियों से टोल फ्री नंबर 14420 के माध्यम से घरों के सेप्टिक टेंकों की अधिकृत सफाई कर्मचारी से सफाई कराने की जानकारी प्रदान की गई। प्रभात फेरी एवं नुक्कड नाटक के माध्यम से कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु मास्क एवं सामाजिक दूरी का पालन करने स्वयं का वैक्सीनेशन करानें एवं इस हेतु दूसरों को भी प्रेरित करने नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु घरों से निकलनें वाले कचरे के प्रकारों से अवगत कराते हुए गीला सूखा एवं हानिकारक कचरा अलग अलग डस्टबिन में रखने व निगम के कचरा वाहनों में अलग अलग ही देने अपने घरों के आसपास पर्याप्त सफाई बनाये रखने की अपील की गई।

# फारेस्टर वार्ड में सफाई करने उतरी 40 स्वच्छता दूतों की टीम

## जगह- जगह से किया गया कचरे का उठाव, चला विशेष अभियान





**कटनी।** नगर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के उद्धेश्य से निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में दैनिक सफाई व्यवस्था के अतिरिक्त रोजाना नगर के एक वार्ड को चिन्हित किया जाकर 40 सफाई कर्मचारियों की टीम के माध्यम से सफाई अभियान चलाकर वार्ड को साफ एवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में फारेस्टर वार्ड को चिन्हित किया जाकर स्वच्छता दूतों की दलेल के माध्यम से वार्ड की विभिन्न गलियों में सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गुप्ता होटल से देशी शराब दुकान तक मुख्य मार्ग की दौनों ओर की नालियों, मनोहर सिंघी किराना दुकान से खेर माता मंदिर तक, शास्त्री चौक से अंदर गली में सुदर्शन बाल मंदिर तक, एम्बुलेंस रोड, इट्टन चौहान के घर के पास, निवर्तमान पार्षद राजकुमार चौधरी के घर के पास, चौधरी मोहल्ला, ज्ञान विद्या मंदिर स्कूल के पास, काली मंदिर आंगनबाडी के पास से रेल्वे लाईन तक नालों की सफाई सहित वार्ड के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य कराया गया। अभियान के दौरान वार्ड की सुचारू सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य एवं अन्य मार्गो की सफाई व्यवस्था के तहत वंशकार बस्ती, दुर्गा चौक मंदिर के पास सहित वार्ड के विभिन्न बस्तियों एवं मुख्य मार्गो में झाडू का कार्य किया जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया।



# विजयराघवगढ़ में उत्साह से मना करवाचौथ

**विजयराघवगढ़।**

कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्थी को महिलाओं द्वारा करवाचौथ का व्रत उपवास रखकर गणेश शंकर पार्वती गजानन का अलग.अलग पूजन करती हुई महिलाएं गणेश सहित समस्त देवताओं का पंचोपचार पूजन कर पकवान अक्षत दीपक युक्त 10 करवा एवं गेहूं के आटे और गुड़ के बने विभिन्न पकवान अर्पण कर धूप दीप नैवेद्य से षोडशोपचार पूजन कर चंद्रोदय उपरांत चंद्रमा को अर्ध्य देकर अपने पति के दीर्घायु व आंचल सोभाग्य की कामना हेतु पति सहित चलनी से चन्द्रमा का दीदार कर आरती उतारी गई व हर जनम में साथ रखने भगवान से प्रार्थना की।

# 21 आवारा मवेशियों को पकड़कर भेजा गौशाला






**कटनी।** नगर के सार्वजनिक मार्गो में आवारा मवेशियों के स्वच्छंद विचरण पर रोक लगानें एवं नगर की सुगम यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर के मुख्य मार्गो में स्वच्छंद रूप से विचरण करनें वाले मवेशियों को पकडनें का अभियान चलाया जा रहा है। प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक तेजभान सिंह नें बताया कि नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विगत संध्या उपनगरीय क्षेत्र मंगलनगर एवं छपरवाह में अभियान चलाकर 21 नग आवारा मवेशियों को पकडकर छपरवाह एवं बिलगवां कांजी हाउस में बंद करनें की कार्यवाही की जाकर उपरोक्त मवेशियों को अमीरगंज स्थित गौशाला भेजा गया। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नें जानकारी देते हुए बताया निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में यातायात व्ययवस्था एवं सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु हांका गेंग द्वारा आवारा मवेशियों को पकडनें की कार्यवाही की जा रही है। आपनें पशुपालकों से अपनें मवेशियों को निर्धारित स्थलों पर ही बांधकर रखनें की अपील की है।




# एमजीएम हॉस्पिटल में नि :शुल्क बीएमडी जांच शिविर

**कटनी।** कचहरी चौक स्थित एमजीएम हॉस्पिटल में कल 25 अक्टूबर को निःशुल्क बीएमडी जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन डॉ. पंकज गुप्ता ने मरीजों की जांच की एवं आवश्यक परामर्श दिया। शिविर सुबह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे संचालित किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर लाभ उठाया।

# आधे घंटे तक मुंह से सांस फूंककर बचाई जान

**कटनी। बरही थाना अंतर्गत ग्राम खन्ना में खेलते-खेलते पानी से भरी बाल्टी में गिरकर अचेत हुई एक 10 वर्षीय मासूम बच्ची के प्राणों की रक्षा करने में एंबुलैंस चालक ने तत्परता और सूझबूझ का परिचय दिया है। कहते भी है कि तत्परता और सूझबूझ से किया जाने वाला हर काम अच्छे परिणाम देता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है मंगलवार को बरही क्षेत्र में एंबुलेंस के चालक ने। एक मासूम बच्ची के मुंह में आधे घंटे तक सांस देकर बेटी की जिंदगी में सांस फूंक दी।**

### खेलते-खेलते पानी से भरी बाल्टी में गिरी मासूम बच्ची के लिए देवदूत बना एंबुलेंस चालक





चालक की इस तत्परता की न सिर्फ सराहना हो रही बल्कि लोग कह रहे हैं इसी तरह से हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अपने कर्तव्य क्षेत्र में मिशाल पेश करनी होगी। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बरही तहसील क्षेत्र के खन्ना गांव निवासी अनिका पिता पिता संतराम चौधरी 10 माह की बच्ची सुबह 10 बजे खेलते-खेलते बाल्टी में गिर गई। उसके पेट में पानी भर गया। बच्ची अचेत हो गई। परिजनों ने मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। चालक रविंद्र सिंह कचेर मौके पर पहुंचे और अचेत बच्ची को होश में लाने के लिए घंटे तक मशक्कत करते रहे। चालक रविंद्र ने बताया कि बच्ची अचेत अवस्था में थी। करीब आधे घंटे मुंह के माध्यम से बच्ची को सांस दिया। तब जाकर बच्ची होश में आई। आनन-फानन में बरही अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया बच्ची की हालत में सुधार बताया है। वहीं बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल के लिए भेजा गया है।

# लोन स्वीकृत होने के बाद कमीशन के लिए परेशान कर रहा दलाल

### कांटी निवासी युवक ने दलाल, बैंक मैनेजर और कियोस्क संचालक पर लगाए गंभीर आरोप



#### पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही की मांग

**कटनी।**

बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कांटी निवासी सत्येन्द्र सिंह राजपूत ने भारतीय स्टेट बैंक के कांटी शाखा के प्रबंधक, कियोस्क संचालक और बैंक से ऋण स्वीकृत कराने वाले एक दलाल पर लोन स्वीकृत होने के बाद कमीशन के लिए परेशान करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन से कार्यवाही की मांग की है। शिकायत में सत्येन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि उसकी मां के नाम भारतीय स्टेट बैंक कांटी शाखा से किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 1 लाख 92 हजार 800 रूपए का ऋण स्वीकृत हुआ था। बैंक में लोन की राशि आने के बाद अब दलाल पुष्पेन्द्र सिंह राजपूत, कियोस्क संचालक एवं बैंक मैनेजर द्वारा कमीशन की मांग की जा रही है। तीनों ने सोमवार की शाम युवक के घर पर पहुंचकर धमकी दी कि कमीशन नहीं दिया तो झूठे केस में फंसा देंगे। बैंक मैनेजर ने कहा कि सन 1986 में पम्प कनेक्शन हेतु लिए गए लोन में से 56 हजार का ऋण बाकी है। वह भी जमा करना होगा। युवक का कहना है कि पुराना लोन चुका दिया गया है, इसके बावजूद कमीशन के लिए परेशान किया जा रहा है। युवक ने एसपी से कार्यवाही की मांग की है।

# इस बार दीवाली से पहले बन रहा खरीदी का महामुहूर्त

### पुष्य नक्षत्र में खरीदी करना फलदायी, 677 साल बाद गुरू शनि का संयोग

**कटनी।** इस बार दीवाली से पहले खरीदी का महामुहूर्त बन रहा है। कल 28 अक्तूबर को गुरु-पुष्य नक्षत्र का संयोग बनने जा रहा है। हिंदू धर्म में किसी भी नए कार्य की शुरुआत करना हो या फिर शुभ खरीदारी करनी हो, उसके लिए शुभ मुहूर्त जरूर देखा जाता है। मान्यता है कि शुभ मुहूर्त में की गई खरीदारी चीजें या किसी नए कार्य का शुभारंभ करने पर उसमें सफलता अवश्य मिलती है। यही कारण है कि पुष्य नक्षत्र को लेकर शहर के बाजार सज गए हैं। हिंदू धर्म में त्योहारों का विशेष महत्व होता है। कई त्योहारों में नई चीजों की खरीदारी जरूर की जाती है जैसे कि नवरात्रि, दशहरा, धनतेरस और दिवाली आदि में तो बढ़ चढ़कर बाजारों से खरीदारी की जाती है। इस वर्ष धनतेरस और दिवाली से पहले ही खरीदारी का महा शुभमुहूर्त बन रहा है। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार सभी 27 नक्षत्रों में कुछ नक्षत्र बहुत ही शुभ और फलदायी माने जाते हैं, जिसमें से गुरु-पुष्य नक्षत्र बहुत खास होता है। 28 अक्तूबर को पूरे दिन और रात के समय पुष्य नक्षत्र रहेगा। जब भी गुरुवार के दिन पुष्य नक्षत्र पड़ता है, इसे गुरु-पुष्य नक्षत्र कहा जाता है। ऐसा शुभ संयोग साल में एक से दो बार ही बनता है। गुरु पुष्य नक्षत्र में खरीदारी करना बहुत ही शुभ माना जाता है। इसके अलावा 28 अक्तूबर को पूरे दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग और अमृत सिद्धि योग भी रहेगा।





### 677 साल बाद गुरु-पुष्य योग और गुरु-शनि का दुर्लभ योग

पंडित सुनील शास्त्री के अनुसार 677 साल बाद गुरु-पुष्य योग में शनि और गुरु दोनों ही मकर राशि में विराजमान रहेंगे। ऐसे में इस शुभ संयोग में खरीदारी और निवेश का महामुहूर्त इस बार दिवाली से पहले बन रहा है। पुष्य नक्षत्र के स्वामी शनिदेव ही हैं। ऐसे में खरीदारी के लिए यह बहुत ही मौका है।

### गुरु-पुष्य नक्षत्र में कर सकते हैं इन चीजों की खरीदारी

इस बार दिवाली से पहले महामुहूर्त में खरीदारी करने का सबसे अच्छा मौका आया है। इस शुभ मुहूर्त में खरीदारी के अलावा आप जमीनए भवन, सोना चांदी या शेयर बाजार में भी निवेश कर सकते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार गुरु और शनि में मित्रता का भाव है जिस कारण से गुरु पुष्यऋनक्षत्र में खरीदारी करना बहुत ही अच्छा रहेगा।

# एक हजार लीटर महुआ लाहन नष्ट कराई पुलिस ने



**कटनी।**

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के निर्देशन में कुठला थाना क्षेत्र की बिलहरी चौकी पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। ग्राम ढूंढरी में मंगलवार देरशाम दबिश देकर अवैध शराब के कारोबार का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान एक हजार लीटर महुआ लाहन नष्ट किया गया। अवैध शराब विक्रेता के खिलाफ कार्यवाही की गई। राजेंद्र बर्मन निवासी करहिया चौकी बिलहरी के पास से 3 लीटर कच्ची शराब जप्त कर कार्यवाही की गई। कार्यवाही में चौकी प्रभारी बिलहरी उपनिरीक्षक के.के.पटेल, प्रधान आरक्षक रामाकांत तिवारी, आरक्षक विकास कुमार की भूमिका रही।

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009



# कटनी नदी में डूबने से युवक की मौत

**कटनी।** कटनी नदी के मसुरहाघाट में आज सुबह एक अज्ञात युवक की लाश उतराती देख लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को पानी से बाहर निकाल कर उसकी शिनाख्त के प्रयास किए। जिसमें पुलिस को सफलता मिल गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक मोहन घाट क्षेत्र में ही रहने वाला 40 वर्षीय पुराण पिता लक्ष्मी ठाकुर है। क्षेत्रवासियों के मुताबिक पुराण हमेशा की तरह दीर्घशंका के बाद शौच के लिए नदी किनारे गया। इसीदौरान उसका पैर फिसल गया और वह नदी के गहरे पानी में गिर गया। तैरते न बनने के कारण उसकी पानी में डूबने से मौत हो गई। बहरहाल पुलिस शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# बरही में चार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**कटनी।**

बरही पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में 2016 से फरार एक स्थायी वारंटी सहित चार स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची के मुताबिक ग्राम सिजहरा निवासी 33 वर्षीय शैलेन्द्र पिता रोहणी प्रसाद शुक्ला धारा 427, 307 के मामले में 2016 से फरार था। न्यायालय ने गिरफ्तारी पर स्थायी वारंट जारी किया था। पुलिस ने शैलेन्द्र को पकड़कर न्यायालय में पेश किया है। इसीप्रकार ग्राम बड़ागांव निवासी जितेन्द्र उर्फ भीमसेन सिंह पिता राजेन्द्र सिंह, सुरेश सिंह पिता जगत सिंह परिहार व खितौली निवासी राजभान पिता बलवान सिंह को भी विद्युत अधिनियम के मामले में न्यायालय से स्थायी वारंट जारी होने पर गिरफ्तार कर पुनः न्यायालय में पेश किया गया है।












## करंट से मौत पर मामला दर्ज

**कटनी।** बहोरीबंद थाना अंतर्गत ग्राम पोड़ी में करंट की चपेट में आकर हुई एक महिला की मौत के मामले में पुलिस ने दो लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। गौरतलब है कि ग्राम पोड़ी में पिछले माह खेत में काम करते समय 45 वर्षीय ममता बाई पति विनोद बर्मन की करंट लगने से मौत हो गई थी। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया था। जांच में गांव के ही राममिलन खंपरिया व अर्जुन लोधी की लापरवाही सामने आई। पुलिस ने दोनों के विरूद्ध धारा 304ए व विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।







स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)